कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 11.10.2019

विषय : 09/2019 को समाप्त तिमाही की राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।
*******

इस कार्यालय की 09/2019 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 23.09.2019 को दोपहर 3.30 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहा.नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी. शैलजा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एल. पद्मपाणि | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री के. रामनारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री के. गंगाधर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | सुश्री सीएच. सुरेखा वाणी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री एस. साई किरण | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री जी.वेणु गोपाल | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य सचिव |

**अन्य उपस्थित** :
श्रीमती ओनिमा के.दास, कनिष्ठ अनुवादक

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया । तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 24.06.2019 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 24.06.2019 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 24.06.2019 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **<u>हिंदी कार्यशाला का आयोजन :</u>** समिति को सूचित किया गया कि वे.ले.का.(अ.श्रे.) ई.एम.ई सिकंदराबाद में दिनांक 01.07.2019 से 05.07.2019 तक की अवधि के दौरान पाँच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

2. **<u>निरीक्षण:</u>** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार इस तिमाही में तीन अधीनस्थ कार्यालयों [स्था.ले.प.का.(ए), स्था.ले.प.का.(बी) तथा स.ले.अ., बी.एस.ओ. (उत्तर), सिकंदराबाद ]का राजभाषा निरीक्षण किया गया ।

3. **<u>हिंदी भाषा /टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण में नामंकन:</u>** जैसा कि पिछली बैठक में बताया गया था कि वे.ले.का.(आ.श्रे.) ई.एम.ई सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्रबोध और हिंदी प्रवीण के संयुक्त सत्र में 12 कर्मचारियों को नामित किया गया था, जिनकी परीक्षा मई महीने में हुई थी उसके परिणाम आ गए हैं। आशुलिपिकों की प्रशिक्षण कक्षाएँ चल रही हैं।

4. **<u>संगठन में हिंदी संवर्ग के पदों को भरा जाना :</u>** मुख्यालय कार्यालय द्वारा रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों के सृजन से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ था जिसके प्रत्युत्तर में संगठन में हिंदी संवर्ग के प्राधिकृत/तैनात/रिक्त पदों एवं राजभाषा नियमानुसार अपेक्षित पदों की सूचना प्रेषित की गई है ।

**<u>मद सं. 2</u> - <u>पिछली दो तिमाहियों 03/2019 तथा 06/2019 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :</u>**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 03/2019 तथा 06/2019 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि</u> :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 03/2019 | 208 | 208 | शून्य |
| 06/2019 | 199 | 199 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 03/2019 | 15239 | 3443 | 81.57% |
| 06/2019 | 10127 | 3211 | 83.92% |

**<u>मद सं. 3 -</u> <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u> -** समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से 05 पत्र प्राप्त हुए हैं । इनमें से एक पत्र के अधीन महानियंत्रक कार्यालय में आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक का कार्यवृत्त प्राप्त हुआ है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष इस कार्यालय का राजभाषा निरीक्षण महानियंत्रक कार्यालय की निरीक्षण टीम द्वारा किया जाएगा । अत:, सदस्य सचिव ने सभी ग्रूप अधिकारियों तथा वरिष्ठ लेखा अधिकारियों/लेखा अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने अनुभाग में राजभाषा निरीक्षण की तैयारी पूरी करके रखें ताकि निरीक्षण टीम की किसी भी प्रतिकूल टिप्पणी से बचा जा सके ।

इसके अतिरिक्त समिति को सूचित किया गया कि महानियंत्रक कार्यालय ने नियम 10(4) के अधीन अधिसूचना की सूचना भी माँगी थी जो भेज दी गई है । आगे यह भी सूचित किया गया कि वे.ले.का. (अ.श्रे)

ई.एम.ई., सिकंदराबाद में सेवारत कनिष्ठ अनुवादक को दो सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए मुख्यालय कार्यालय द्वारा नामांकित किया गया है तथा हिंदी दिवस के आयोजन और महानियंत्रक महोदय के हिंदी दिवस संदेश से संबंधित पत्र भी कार्यालय में प्राप्त हुए हैं जिन पर आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है ।

**मद सं. 4** - **वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि जैसे कि पिछली बैठक में भी जानकारी दी गई कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2019-20 के लिए वार्षिक कार्यक्रम प्राप्त हो गया है । पिछले वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम की तुलना में लक्ष्यों में कोई परिवर्तन नहीं है। वार्षिक कार्यक्रम को सभी उप-कार्यालयों एवं अनुभागों की जानकारी हेतु वेबसाइट में अपलोड किया गया है।

**मद सं. 5** - **संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**मद सं. 6** - **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव** :

(1) श्री के. रामनारायण चारी, व.ले.अ. ने सुझाव दिया कि ट्यूलिप में से जेनरेट होने वाले ''रिजेक्शन मेमो'' को द्विभाषी बनवाना चाहिए ताकि हिंदी पत्राचार बढ़ाया जा सके । सदस्य सचिव ने सूचित किया कि आई.टी.एस.डी.सी., सिकंदराबाद को वर्ष 2015 में ही ''रिजेक्शन मेमो'' फाइल का हिंदी अनुवाद भेज दिया गया है परंतु वे दोनों भाषाओं को प्रोग्राम में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक जगह (स्पेस) बनाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं । श्री चारी ने कहा कि इस विषय पर ज़ोर देकर आई.टी.एस.डी.सी., सिकंदराबाद से आग्रह करना होगा और उच्चतर स्तर से पत्राचार करना होगा । अनुवादक ने इसे नोट किया ।

(2) श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा, व.ले.अ. ने सुझाव दिया कि हवाई यात्रा के संबंध में आई.एफ.ए. कक्ष द्वारा दी जा रही मंज़ूरी को द्विभाषी बनाया जा सकता है । सदस्य सचिव ने उस पत्र की अगेज़ी प्रति को हिंदी कक्ष को देने का अनुरोध किया ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**हस्ता/-**
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**